भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या - *206**
16/12/2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

## सतत विकास के लक्ष्य और राष्ट्रीय प्राथमिकताएं

***206 श्री के.जे. एल्फोंस :**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या मंत्रालय की वैज्ञानिक योजनाएं सतत विकास के विशिष्ट लक्ष्यों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की प्राप्ति पर केंन्द्रीत हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या लक्ष्यों को बेहतर रुप में प्राप्त करने के लिए अंतर- मंत्रालयी समन्वय और अंतर-संस्थागत सहयोग के विकल्पों को तलाशा जा रहा है;
(घ) क्या सरकार अभी तक पूरे किए जा चुके लक्ष्यों से संतुष्ट है; और
(ङ) यदि नहीं, तो किन क्षेत्रों पर और ध्यान दिए जाने की जरूरत है और इस संबंध में भावी कार्य योजना क्या है ?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क)-(ङ) विवरण सभा पटल पर रखा है।

**"सतत विकास के लक्ष्य और राष्ट्रीय प्राथमिकताएं" से संबंधित राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *206, जिसका उत्तर 16 दिसंबर, 2021 गुरूवार को दिया जाना है, के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) जी, हां।

(ख) सतत विकास लक्ष्यों तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की प्राप्ति के लिए मंत्रालय की 05 प्रमुख अम्ब्रैला स्कीमें हैं, जिन्हें नीचे तालिका में दर्शाया गया है:-

| क्रम सं. | पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की स्कीम | सतत विकास लक्ष्य से संबंधित | राष्ट्रीय प्राथमिकता से संबंधित |
|---|---|---|---|
| 1 | वायुमंडलीय, जलवायु विज्ञान एवं सेवाएं (अक्रॉस) | सतत विकास लक्ष्य 1, 2, 9, 11, 13 तथा 17 | आत्मनिर्भर भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, उमंग, स्मार्ट सिटीज मिशन, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना |
| 2 | समुद्री सेवाएं, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन एवं प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट) | सतत विकास लक्ष्य 1, 2, 11, 14 तथा 17 | प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन |
| 3 | ध्रुवीय विज्ञान और हिमांकमंडल (पेसर) | सतत विकास लक्ष्य 13 तथा 17 | जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना |
| 4 | भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान (सेज) | सतत विकास लक्ष्य 9, 11 तथा 17 | डिजिटल इंडिया मिशन, स्मार्ट सिटीज कार्यक्रम और आत्मनिर्भर भारत |
| 5 | अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच (रीचआउट) | सतत विकास लक्ष्य 9 तथा 17 | आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया |

(ग) जी, हां।

(घ) जी, हां।

(ड.) प्रश्न नहीं उठता।

*****